पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

022 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 21 नवंबर 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

ओडिशा सरकार की युवाविरोधी नीतियों के विरुद्ध अभाविप के नेतृत्व में हजारों छात्रों ने भुवनेश्वर में किया प्रदर्शन

राज्य में व्याप्त बेरोजगारी, महिला सुरक्षा तथा बच्चों के अवैध व्यापार जैसे विषयों के प्रति उदासीन बीजद सरकार:- अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के नेतृत्व में आज मंगलवार ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में राज्य सरकार की छात्र विरोधी मानसिकता, महिला सुरक्षा के प्रति उदासीनता, शैक्षिक संस्थानों में व्याप्त अनियमितता तथा जनविरोधी नीतियों व अन्य समस्याओं को लेकर हजारों छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया।

ओडिशा राज्य में हो रहे बच्चों के अवैध व्यापार, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति संबंधी समस्याएं तथा महिला सुरक्षा जैसे गंभीर विषयों पर नवीन पटनायक की बीजद सरकार गंभीर नहीं है, जो ओडिशा राज्य के भविष्य के लिए हितकर नहीं है, ओडिशा में महिलाओं के साथ अत्याचार संबंधित घटनाओं ने संपूर्ण मानवता को शर्मसार कर दिया है, इसी नवम्बर माह में राज्य के नयागढ़ जिले के इतामाती इलाके में मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला के साथ दुर्व्यवहार तथा कालाहांडी जिले में तीन महिलाओं के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया जो राज्य सरकार की महिला सुरक्षा के प्रति उदासीनता को प्रदर्शित करता है, अभाविप महिला सुरक्षा के प्रति सचेत होने हेतु ओडिशा सरकार से गंभीर प्रयास करने की मांग करती है।

ओडिशा राज्य के शिक्षण संस्थानों में नवीन पटनायक सरकार लगातार छठी बार छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगाकर छात्र नेतृत्व की हत्या करने का कार्य कर रही है, ओडिशा के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में शिक्षक और पढ़ाई दोनों नदारद है। शैक्षिक परिसरों में बीजद की दलगत राजनीति अपने चरम पर है, राज्य सरकार का समर्थित छात्र संगठन बीजू छात्र जनता दल के कार्यकर्ता परिसर में उत्पात मचा रहे हैं जिससे छात्रों में भय का माहौल व्याप्त है।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ला ने कहा कि ओडिशा राज्य की नवीन पटनायक की बीजद सरकार जनविरोधी नीतियों की प्रतिमूर्ति बन चुकी है, राज्य के लोगों के मन में बीजद सरकार के प्रति असंतोष का माहौल व्याप्त है। भारी बेरोजगारी, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार तथा अवैध व्यापार जैसे असामाजिक कार्य दिन-प्रतिदिन नये रिकॉर्ड बना रहे हैं, राज्य के शिक्षण संस्थानों में छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगाकर छात्र नेतृत्व की भ्रूण हत्या करने का कार्य किया जा रहा है जो बीजद सरकार की छात्र विरोधी मानसिकता को प्रदर्शित करता है। ओडिशा में शिक्षा की स्थिति बेहद नाजुक है और वर्तमान सरकार उदासीन है, अभाविप इन सभी गंभीर मुद्दों के समाधान की माँग राज्य सरकार से करती है।

अभाविप ओडिशा के प्रदेश मंत्री अरिजीत पटनायक ने कहा कि, वर्ष 2018 में अभाविप की एक विशाल छात्र रैली के बाद, राज्य सरकार ने कॉलेज की संपत्ति को कॉलेज के नाम पर ही पंजीकृत करने की मांग स्वीकार कर ली, लेकिन ओडिशा के अनेक कॉलेजों का अभी तक पंजीकरण नहीं हुआ है जो अत्यधिक चिंतनीय विषय है। राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में सुधार के लिए कार्यरत शिक्षकों और व्याख्याताओं की मांगों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है जिसका प्रभाव शैक्षिक गतिविधियों के संचालन पर पड़ रहा है। राज्य में व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षण संस्थानों में योग्य संकाय की भर्ती के साथ-साथ छात्रों के शिक्षा के बाद रोजगार पर जोर दिया जाने की आवश्यकता जिससे राज्य में व्याप्त भारी बेरोजगारी की समस्याओं पर काफी अंकुश लगाया जा सकता है।।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)